I. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE BANKING COMPANIES (ACQUISITION AND TRANSFER OF UNDERTAKINGS) ORDINANCE, 1970

II. THE BANKING COMPANIES (ACQUISITION AND TRANSFER OF UNDERTAKINGS) BILL, 1970

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : उपसभापति जी, यद्यपि सदन यह निर्णय ले चुका है कि आज ही इस बिल को लिया जायेगा और इस रेजोल्यूशन पर विचार तथा निर्णय हो जायेगा, मैं आप से फिर निवेदन करना चाहता हूं कि आज के इस निर्णय में मेरी असहमति है। मुझे इस बात का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया कि सोमवार को यह डिबेट क्यों नहीं हो सकती थी। मैं सदन के नेता से भी अपील करना चाहूंगा कि सदस्यों के भोजन की व्यवस्था करके सदन के समय को बढ़ाने और घटाने के साथ वह न चलें और अच्छा हो कि आज की इस योजना को भी वह स्थगित कर दें।

मैं आप की अनुमति से यह प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं: "यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 14 फरवरी, 1970 को प्रख्यापित किये गये बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अध्यादेश, 1970 (1970 का संख्या 3) का निरनुमोदन करती है।"

यह अध्यादेश 14 फरवरी को जारी किया गया। 10 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों के अधिकरण के संबंध में जो पहले हम एक विधेयक यहां पर पास कर चुके हैं उस को खारिज कर दिया और उस के खारिज होने के बाद यह अध्यादेश जारी हुआ। इस अध्यादेश को जारी करते समय इस में यह कहा गया है कि : The President is satisfied that circumstances exist which render it necessary for him to take immediate action.

मैं ऐसा समझता हूं कि राष्ट्रपति महोदय को परिस्थितियों की ठीक से जानकारी नहीं करायी गयी। 10 तारीख को जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों के संबंध में अपना निर्णय दिया, रिजर्व बैंक द्वारा जो डाइरेक्टिव जारी किये गये, वह समाचार पत्रों में छपे हैं। स्टेट्समैन की एक कटिंग उध्दरण के रूप में मैं यहां पर प्रस्तुत करना चाहता हूं। 10 फरवरी को ही बंबई की हेडलाइन्स न्यूज है :

> "In its directive, the Reserve Bank has asked the banks to seek its prior approval for advances in excess of Rs. 25 lakhs, investments in excess of Rs. 1 lakh in shares and debentures of joint stock companies and advances against such shares and debentures of over Rs. 5 lakhs.
>
> The Reserve Bank has taken over these powers in the public interest in terms of Section 35A of the Banking Regulation Act. The renewed directive also restricts the appointment and extension of services of the senior executives in the banks and expenditure on land or buildings above specified amounts as also making provisions and appropriations out of profits."

अर्थात बैंकिंग कानून के संबंध में बैंकिंग रेगुलेशन ऐक्ट के अंतर्गत रिजर्व बैंक को अधिकार थे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा उस कानून को खारिज कर दिये जाने के बाद भी और रिजर्व बैंक पहले भी डाइरेक्टिव्स दे सकता था, उस कानून के निरस्त होने के बाद भी रिजर्व बैंक के उन अधिकारों में कोई फर्क नहीं आया और इसलिए यह कहना कि इम्मीडियेट ऐक्शन की कोई जरूरत थी इस बात का कोई आधार नहीं रहता। मेरा यही कहना था कि इन परिस्थितियों में इस आर्डिनेन्स को जारी करने के कोई बजूहात नहीं थे।

सुप्रीम कोर्ट के इस जजमेंट के कारण अनेकों अशोभनीय आलोचनायें इस देश में लोगों के द्वारा की गयी हैं। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि संसद के कानून बनाने के अधिकार को कोई चुनौती नहीं दे सकता। संसद कानून बना सकती है, लेकिन जिस संविधान में संसद को कानून बनाने का अधिकार दिया गया उस संविधान ने हमारे देश में सुप्रीम कोर्ट की प्रस्थापना भी की है और संसद के द्वारा कानूनों का जि रूप में पारण होता है उस को रिव्यू करने का अधिकार, उस पर निगरानी रखने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को है और अगर संसद केवल बहुमत के नशे में कोई भी ऐसी चीज यहां स्वीकार

कर ले जो संविधान की सीमाओं का उल्लंघन करती हो तो स्वाभाविक रूप से सुप्रीम कोर्ट को उस पर अपनी राय प्रकट करनी चाहिए। इसीलिए वह सुप्रीम कोर्ट बनाया गया है। अब यह बात अलग है कि हम संविधान की मर्यादायें क्या रखें। संविधान में संशोधन करना चाहे या न करना चाहें, लेकिन संशोधन की भी कोई सीमायें हैं। हमारे संविधान के कुछ ऐसे हिस्से हैं कि जिन में संशोधन करना संसद के लिए, बिना पंचवर्षीय चुनाव में उसी के आधार पर चुने जाने के बाद, उचित नहीं होगा। उन मूलभूत धाराओ में संसद ही संशोधन कर सकती है, लेकिन यह अधिकार संसद को जनता ही देगी। अगर इस प्रकार के मूलगामी परिवर्तन आप संविधान में करना चाहते हैं तो उस के लिए आवश्यक है कि हम जनता से उस शक्ति को प्राप्त करें। उसी के लिए हम चुनाव लड़ कर संसद में आयें और उस आधार पर हम उन मूलगामी परिवर्तनों को भी करें। मैं उस अधिकार को सुरक्षित समझता हूं, लेकिन महज इस वजह से कि हम ने बहुमत के नशे मे एक चीज कर डाली, संविधान की धाराओं का उल्लंघन किया और सुप्रीम कोर्ट ने हमें वह गलती बतायी और इतने मात्र से ही हम सुप्रीम कोर्ट पर लांछन लगायें या सारे संविधान को नष्ट करने की बाते करें, यह जनतंत्रीय परंपरा के अनुकूल नही है। यह तो वैसी ही बात होगी जैसे शेक्सपियर ने कई बार कहा है कि अगर कोई पाप करने से राजा की रानी बनने का सौभाग्य प्राप्त होता है तो पाप कर लो, रानी बनते ही उस पाप को तुम पुण्य मे परिणत कर दो, अपराध समाप्त हो जायेगा। मैं समझता हूं कि यह चीज शेक्सपियर के नावेल्स के लिए तो ठीक है किन्तु किसी भी प्रकार के रूल आफ ला के लिए यह चीज शोभा नही देती। इस कारण उस प्रकार के आक्षेप सुप्रीम कोर्ट पर लगाने वाले लोगों को इस संबंध में पुनर्विचार करना चाहिए। मैं समझता हूं कि हमारे देश में कोई घटना घटे, संसद में हम कोई चीज पास करें, सुप्रीम कोर्ट उसको स्वीकार करे, न करे, वह हमारा अपना मामला है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि कम से कम देश के प्रधान मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निर्धारित और संविधान के अंतर्गत मर्यादाओ में रहकर कानून बना कर सरकार चलाने का आश्वासन दिया है और मैं इसके लिए उनका आभारी हूं और मैं चाहूंगा कि भगवान इस सारी राजनैतिक उथल-पुथल में भी उनकी संविधान के प्रति इस निष्ठा को बरकरार रखे, नही तो वह दिन इस देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा और प्रजातंत्र की इस देश में क्या दुर्गति होगी यह कहना कठिन है। मैं यहां पर एक उद्धरण देना चाहूंगा, प्रावदा अखबार में इस सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद जो लाइन छपी है उसका मैं उद्धरण रखना चाहता हूं—

> "The struggle may touch upon the question of the country's constitutional structure."

प्रावदा अखबार में यह चीज छपी है। इसके पीछे क्या इम्पलीकेशन्स हैं, बाहर के देशों की इस देश की राजनीति में क्या गुल खिलाने की नीयत है इसको हमें बहुत सतर्कता से समझना चाहिए। एक सावरेन रिपब्लिक के आधार पर इस देश की सर्वोच्च सत्ता को हमें अपने हाथ में रखना है, किसी दूसरे देश के चौराहे पर गिरवी नही रखना है। हम किसी का राष्ट्रीयकरण करें या न करें, हम किसी चीज को किस हद तक सरकार के अधिकार में लेना चाहते हैं इसका फैसला हम करें। महज इस वजह से कि हमें संविधान की मर्यादा में किसी सीमा से आगे बढ़ने का अधिकार नही है, दूसरे देश हमारे सारे संवैधानिक ढांचे को उलटपुलट कर उसमें से संधि प्राप्त करें, यह ऐसी चीज है जिसके बारे में हमें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

इस भूमिका के आधार पर हमें इस निर्णय पर विचार करना चाहिए। यह जो आर्डिनेन्स जारी किया गया है और जिसके आधार पर बिल विचाराधीन है इस सदन में, मैं समझता हूं कि उन सब चीजों का उसमें समावेश कर लिया गया है जो सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट मे थी। अभी तक मैं सुप्रीम कोर्ट के इस अधिकार पर अपनी राय नही देना चाहूंगा। यह ज्यादा अच्छा होता अगर सरकार इस बिल को लाने के पहले, इस

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

आर्डिनेन्स जो जारी करने के पहले कम से कम रिजर्व बैंक आफ इंडिया की राय जरूर ले लेती कि रिजर्व बैंक अब इस परिस्थिति में जो अधिकार उसके पास है या जिस तरह का कारोबार चल रहा है उसके अंतर्गत क्या वह इस कानून की आवश्यकता इसी रूप में चाहता है या नहीं चाहता है । इस आधार पर हम इस कानून को लाते । मैं चाहूंगा कि इस सम्बन्ध में मंत्री महोदय इस बात को यहां बताएं कि रिजर्व बैंक ने इस सम्बन्ध मे क्या राय दी और क्या उसकी दी हुई राय को यहां पर सदन के पटल पर रख कर हम सब लोगों को अवगत कराएंगे क्योंकि रिजर्व बैंक एक फाइनेंशियल अथारिटी है, देश की फिसकल पालिसीज़ को गाइड करने में वह क्या गाइड लाइन दे सकती है उससे हमको इन नीतियों को समझाने में मदद मिलेगी ।

पुराना आर्डिनेन्स जारी करने के बाद, अपना फैसला करने के बाद नया आर्डिनेन्स जारी करने और नया बिल पेश करने मे 8 महीने का समय सरकार को मिला । जब जब पिछले दिनो में राष्ट्रीयकृत बैंकों की कार्यप्रणाली के बारे मे सवाल पूछे गए, तो सरकार की तरफ से यह जवाब दिए गए कि सब मामला बिलकुल तैयार है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ जाने दो, उसके बाद हम खटाक से देश के सामने वह नीति रखेंगे । मने समाचारपत्रों में पढ़ा है---शायद मंत्री महोदय ने कहा कि अभी 6 महीने का समय और दो, 6 महीने मे हम सारी स्कीम बना कर आपके सामने रख देंगे । मैं समझता हू कि सरकार ने फिर से वही गलती की है । उस सारी स्कीम को बना कर किस आधार पर वह चलाना चाहती है, किस तरह से इस सारे बैंकिंग के काम का निर्धारण करना चाहती है, यह अभी बनाना बाकी है और इसीलिए मैं उनको कुछ तथ्य देना चाहता हूं । सारी नीति निर्धारित करते समय वे विचार करना चाहें तो उनका उपयोग वे कर सकते हैं ।

मैं इस बात को यहां पर रख देना चाहूंगा कि अभी भी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा उठाई गई सारी आपत्तियों को पूरा नही किया है । अब सुप्रीम कोर्ट इस कानून को रहने देगा या नही रहने देगा इसका वे विचार कर लें । विशेषकर विदेशी बैंकों के सम्बन्ध में सरकार कोई निर्णय नही कर पाई । विदेशी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने या न करने के सम्बन्ध मे सरकार ने मौन धारण किया हुआ है । मंत्री महोदय ने तर्क दिए हैं कि हम अपने दरवाजे बन्द नही करना चाहते, विदेशों से हमारे सम्बन्ध है, विदेशी व्यापार बढ़ता है । यह तो ठीक है लेकिन इससे अगर उनकी यह मंशा हो कि भारत के बैंकों को हिन्दुस्तान के विदेशी व्यापार को अपने हाथ में नही लेना चाहिए तब तो मैं समझता हूं कि वह हिन्दुस्तान के साधारण व्यवसाय में एक बहुत बड़ी बाधा उपस्थित करना चाहते हैं । यह बात सच है कि हमारे कुछ बैंक बाहर के देशो में हैं, लेकिन वह 3-4 देश हैं । अगर रेसीप्रोसिटी का ही विचार करना था तो उन चार देशों में, जिनमें भारत के बैंकों की शाखाएं हैं, उनको छोड़ देते, बाकी बैंकों को पहले ले लेते । एक मिसाल तो कायम करते कि हम इन बाहर के विदेशी बैंकों के बारे में विचार करने की हिम्मत कर सकते है । उन्होंने कहा कि इन 14 बैंकों का अधिग्रहण एक बार कर लिया जाय तो कोई कारण नही कि बाकी के बैंकों का विचार न किया जाय । तो मेरा यह कहना है कि उन चार देशों को छोड़कर बाकी फारेन बैंक्स का अधिग्रहण करने की कार्यवाही शुरू करिए और एक्सपेरीमेंट सफल हो तो बाकी बैंकों का भी अधिग्रहण करिए । विदेशी बैंकों का राष्ट्रीयकरण न करने के लिए किसने सरकार पर चाबी घुमा रखी है, सरकार के ऊपर किसका भय है, किसकी राजनीति काम कर रही है जिसके कारण यहां विदेशी बैंकों को आप हाथ लगाने का साहस नही कर रहे ?

बैंकों के अधिग्रहण के समय एक बहुत बड़ा तर्क दिया गया कि इस अधिग्रहण के बाद गरीब लोगों को, किसानों को, छोटे तबके के लोगों को, छोटा काम करने वाले लोगों को अधिक लाभ मिलेगा । इस प्रकार के तर्क दिए गए है । बाकी 14 बैंकों की अलग अलग क्या इस मामले में रिपोर्ट रही है उसके मेरे पास आंकड़े नही हैं,

स्टेट बैंक आफ इंडिया के बारे में मेरे पास आंकड़े हैं । 1969 में इस बैंक के कुल आउटस्टेंडिंग एडवान्सेज़ थे 779.9 करोड , बैलेन्स टुवर्डस फार्मर्स 91.9 करोड़ यानी 11 परसेंट । 66 per cent of this amount is seasonal because it is crop-loan. एग्रीकल्चरल ग्रेजुएट्स–18 लाख, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज़ 121 करोड़, स्माल ट्रेडर्स–7.2 करोड । 1969 में स्टेट बैंक आफ इंडिया के एग्रीगेट डिपोजिट्स में 133 करोड़ की बढ़ोतरी हुई अर्थात केवल 14.8 परसेंट लेकिन 1968 में इसी पीरियड में 140 करोड़ की बढ़ोतरी हुई थी जो 18.6 परसेंट थी । डिमान्ड डिपोजिट्स इस बार 12.7 परसेंट बढ़े जबकि कारेस्पोंडिगली पिछले साल 15.4 परसेंट बढ़े थे । टाइम डिपोजिट्स इस साल 18.6 परसेंट बढ़े हैं जबकि पिछले साल 21.7 बढ़े । इसमें से कुल मिला कर यह मानना पड़ेगा कि डिपाजिटस घटे हैं और इसमें से एडवांसेज़ बढे हैं । अब यह जो एडवांसेज़ बढ़ने की परिस्थिति पैदा हुई उसके लिये इसमें शक नहीं कि बहुत बड़ा वातावरण का निर्माण किया गया, आशायें बांधी गई और आशायें बंधने से जगह जगह से मांग हुई, बैंकों से भिन्न भिन्न प्रकार से लोग मदद मांगने लगे लेकिन बैंक्स की फाइनेंशल पोजीशन पर क्या परिणाम हुआ । इसका परिणाम हुआ, अगर मैं बाकी सारे बैंकों की बात करूं तो उन्हें स्टेट बैंक से और स्टेट बैंक को रिजर्व बैंक से बारोइंग पर रिजार्ट करना पड़ा है । ये बारोइंग्स बहुत बढ गई रिजर्व बैंक के द्वारा, यानी नेशनलाइज्ड बैंक्स को लगभग 45 परसेंट बारो करना पड़ा है, लास्ट ईयर केवल 15 परसेंट बारोइंग्स थी रिजर्व बैंक से, एकदम तीन गुना बारोइंग्स की संस्था बढ़ गई ।

टाइम डिपाजिट 75 करोड़ बिटवीन अक्टूबर एंड जनवरी की अवधि में बैंकों के बढे लेकिन बारोइंग्स 145.97 करोड़ बढ़ गई, जब कि पिछले साल कुल 13 करोड़ की थी ।

कुल मिलाकर इसका नतीजा यह हुआ है कि रिजर्व बैंक से ज्यादा रकम मांगी जाने लगी है । जो अपेक्षा आपने की थी डिपाजिट्स की इन बैंकों के अधिग्रहण के समय वह पूरी नही हुई, आपने 400 करोड़ के इंक्रीज़ की आशा की थी लेकिन आगे चल कर 1969 ई० में कुल 203 करोड़ के डिपाजिट्स बढे । अब इसका मतलब यह है कि आपकी अपेक्षायें जो डिपाजिट्स की थीं वह घटी हैं और आपके जो एडवांसेज़ हैं वह बढ़े हैं ।

इसी में से एक विचित्र परिस्थिति का निर्माण हुआ, जैसा कि 18 फरवरी को श्री एल० के० झा ने जो डिसीशन एनाउंस किया है बम्बई में— after reviewing the credit trends in the current busy season at a meeting with the chairman, custodians, and chief executives of major banks.
उसमें उन्होंने कहा :

> "In terms of the latest decision, scheduled commercial banks will be entitled to refinance at concessional or bank rates only up to the extent of the increase, over the base period (corresponding quarter of last year) of their outstanding credit to exports, direct advances to agriculture and small scale industries covered by the guarantee of the Credit Guarantee Organiation."

तो जो जो आशायें पैदा की थी उससे रिजर्व बैंक मे बारोइंग्स बढ़ते ही रिजर्व बैंक के द्वारा क्रेडिट स्क्वीज आ गया और उसका एक ज्वलंत प्रमाण है कि इतने दिनों तक, पिछले कुछ महीनों तक, इन सारे बैंक्स की लिक्विडिटी 29 परसेंट थी, बीच में 30 परसेंट कर दी गई और अब सब बैंक्स को कहा गया है कि अप्रैल के एंड तक 31 परसेंट तुम अपनी लिक्विडिटी जमा करावो । अब, यह साधारण चीज़ नहीं है, 1 परसेंट लगता है लेकिन इस लिक्विडिटी का 1 परसेंट का परिणाम स्टेट बैंक पर यह हुआ कि 22 करोड़ रुपया जो उनको एडवांस कर रखा है वह विदड्रा कर के रिजर्व बैंक में जमा करवाना पडेगा, जो सेंट्रल बैंक आफ इंडिया है उस पर 8 करोड़ रुपये का परिणाम होगा, जो बैंक आफ इंडिया है उस पर 6 करोड़ का और पंजाब नेशनल बैंक पर 4 करोड़ रुपये का परिणाम होगा इस 1 परसेंट लिक्विडिटी को बढ़ाने का ।

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

मैं समझता हूं कि इसी का नतीजा है कि इन सारे बैंक्स ने अपने सब सेक्टर्स में फाईनेंसिंग करना बन्द कर दिया है, प्रायरिटी सेक्टर में भी उन्होंने रुपया देना बन्द कर दिया, एडवांस एप्लीकेशंस लेना उन्होंने बन्द कर दिया यह कह कर कि हमारे पास पैसा नही है, हम दे नहीं सकते और इसका सबसे ज्यादा परिणाम किसानों पर पड़ा । यह समय है जब कि किसानों को फर्टिलाइजर्स खरीदने के लिये पैसा चाहिये, यह समय ऐसा है जब कि किसानो को पैसा चाहिये अपनी फसल की भूमि को आर्थिक दृष्टि से बनाने के लिये और इसी समय सारे बैंक्स को डेड कर दिया है, लिक्विडिटी का परसेंटेज बढ़ा कर और आज उनके पास एडवांस करने के लिये कुछ नहीं रहा है ।

इस समय एक और नई आवश्यकता है और वह है एडवांस टैक्स पेमेंट्स की, उसके लिये आज लोगों को पैसा चाहिये । एडवांस टैक्स पेमेंट्स के लिये बैंकों से इस समय सहायता लेना उनके लिये आवश्यक है, परन्तु बैंक उनकी मदद नहीं कर रही हैं । इसलिये यह जो परिस्थिति है, उसका नतीजा यह हुआ है कि जिन लोगों को हम मदद देना चाहते थे, उनको हम मदद नही दे पा रहे है ।

मैं यहां पर जो वीक एंडिंग सिक्स्थ मार्च की बैंकों के परिणाम पर एक रिपोर्ट है, वह मैं आपके सामने उधृत करना चाहता हूं :

During the week ended March 6, banks' borrowings from the Reserve Bank have come down by Rs. 7.52 crores to Rs. 214.59 crores. Thus, in the three weeks ended March 6, these borrowings have declined by Rs. 12.62 crores. Banks have also drawn down their deposits with the Reserve Bank from Rs. 170.57 crores to Rs. 161.27 crores.

During the week ended February 27, credit by scheduled commercial banks expanded by Rs. 13.11 crores to Rs. 3,875.10 crores. Their demand deposits declined by Rs. 1.92 crores to Rs. 2,152.82 crores while their time, deposits moved up by only Rs. 52 lakhs to Rs. 2,798.53 crores. Their investment came down from Rs. 1,187.03 crores to Rs. 1,180.61 crores.

मेरा यही निवेदन है कि इस समय जब कि हम फिर से इस कानून को बनाने जा रहे है, तो यह अच्छा होता कि इसकी सारी वर्किंग की रिपोर्ट यहां रखी जाती । सारी वर्किंग की रिपोर्ट को छः महीने के बाद मंत्री जी सदन के सामने रखने की बात कर रहे हैं । यह बात सच है कि नया कानून फिर से 1970 के नाम से आया है, परन्तु यहां पर श्री बी० के० पी० सिंहा के द्वारा यह तर्क दिया गया, जब मैंने इस पर पूर्ण विचार की मांग की कि यह रेपलिका है, जो पहले कानून पास कर चुके वही कानून कानून फिर से आ रहा है, लेकिन मेरा कहना है कि कम से कम मिनिस्ट्री इस कानून के इम्प्लीकेशंस को वर्क आउट नही कर पाई और आज भी छः महीने का समय चाहती है, इसको वर्क आउट कर के टबिल पर रखने के लिये । इसीलिये मेरा कहना है कि पहले तो राजनैतिक कारण था, मोरारजी देसाई को मंत्रिमंडल से गिराना था, मोरारजी देसाई के इंडिविजुअल विंडिक्टिव कदम के बारे में एक बहुत बड़े घटाटोप राजनैतिक आवरण का निर्माण करना था और उस जल्दबाजी में बैंकों का अधिग्रहण किया और अब शायद नाक का सवाल हो गया, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने आपके अधिग्रहण के कानून को निरस्त कर दिया और अब नाक की लाज बहुमत के आधार पर रह सकती है, परन्तु यह कदम ऐसा है—पहले भी मैंने कहा था और आज भी कहते हैं कि यह कदम देश की सारी क्रेडिट और करेंसी पालिसीज़ के साथ जुडा हुआ है, इससे देश में इंफ्लेशन, इससे देश में प्राइस स्टैबिलाइजेशन और इससे देश की अनेक चीजें जुड़ी हुई हैं और आप उन सब के साथ इसका सम्बन्ध बैठाइये और फिर इन बैंकों के बिजनेस को रिजर्व बैंक के द्वारा जिस आधार पर रेगुलेट किया जा सकता है वह करिये । हां, यह बात सच है कि क्रेडिट-वर्दीनैस का एक प्रश्न निश्चित रूप से विचारणीय था । क्रेडिट-वर्दीनैस की परिभाषा बदल

कर, क्रडिट-वर्दीनैस की परिभाषा में आज की उसकी साख कितनी है, इसका विचार न कर के जिस रुपये को उसे एडवांस कर रहे हैं, जिस रुपये को जिस प्रोडक्टिव परपज के लिये वह लेना चाहता है, उस प्रोडक्टिव परपज के बाद उसकी क्रडिट-वर्दीनैस क्या होगी, उसको भी हम दिये जाने वाले एडवांस में, लोंस में शामिल कर के देखें और वह उस आधार पर कर्जा ले सके, इस स्थिति को हम ला देते तो एक बहुत बड़ा परिवर्तन, एक बहुत बड़ा अन्तर ऐसे सब लोगों को मदद देने के लिये उसमें से पैदा होता, परन्तु आज केवल इतना कि गरीब लोगों को मदद देने मात्र की इच्छा रखना ही इस सारी समस्या का समाधान नहीं करता, हमें इस देश के सारे रिसोर्सेज और डिपाजिट्स के साथ सारे एडवांसेज का कोई न कोई ताल-मेल बिठाने की आवश्यकता है और इसलिये यह जरूरी है कि इन सब बातों का विचार करना चाहिये ।

मैं इस बात के लिये तो मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बैंक संचालन कानून की धारा 36 ए-डी में बैंक कर्मचारियों पर बैंक प्रिमिसेज में डिमांस्ट्रेशन करने की जो पाबन्दी थी, उसको उठाने का उन्होंने वचन दिया है, परन्तु अच्छा होता अगर वह साथ ही साथ वह कानून भी इसी समय लागू कर देते, क्योंकि सरकार के वायदों पर विश्वास और उसके लिये इंतजारी करने की उन्होंने अपनी साख कम से कम उठा दी है ।. . . और इसलिये अब आगे के वायदों पर आज उनको किसी तरह की बधाई दी जाय इसके लिये मैं तो उनको बधाई नहीं दे सकता । लेकिन अगर वह इस बात के प्रति कमिटेड हैं, तो उन्हें जल्द से जल्द उस प्रकार की चीज यहां पर लानी चाहिये । मैं इसमें यह चाहूंगा कि मंत्री महोदय ने यह जो बात कही कि यह जो अधिगृहित बैंक है । यदि वे चाहें तो किसी पार्टी की साल्वेन्सी देख कर या किसी व्यक्ति का अच्छा साथी देख कर, चाहे वह राजनैतिक नेता हो, चाहे वह राजनैतिक पार्टी या चाहे और हो क्यों न उसको लोन एड्वान्स करें । मगर मैं समझता हूं यहां पर राजनैतिक पार्टियों को कारपोरेशन्स के द्वारा मिले चंदों के बारे में चर्चा हो चुकी है, उसी के परिणाम से हमने कारपोरेशन को मना किया कि वह उसको पैसा नहीं दे सकते । आज जिसको राष्ट्रीयकृत बैंक कहते हैं, उन बैंकों पर इस प्रकार चंदे की पाबन्दी की व्यवस्था न कर के शायद आप सरकारी, आड़ में इस भ्रष्टाचार को पनपाने के पक्षपाती हैं, इस बारे में उसकी कोई व्यवस्था किसी तरह से नहीं की गई है ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You should wind up.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : I am just doing it. I have not much exceeded my time. I am just finishing.

एक दूसरी चीज जिसके बारे में आलोचनाएं हुई, मैं यह मानता हूं कि इन्डस्ट्रियल फील्ड में मोनोपोलीज नहीं बननी चाहिये और क्रेडिट एजेन्सीज को उन मोनोपोलीज की ही सेवा करने का ही साधन नहीं बनना चाहिये, परन्तु मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह बैंकों के राष्ट्रीयकरण मात्र से इस समस्या का समाधान नहीं होता । सरकार के खुद के लाइफ इन्श्योरेन्स कारपोरेशन के फन्ड्स का या और सरकारी साधनों का उपयोग जिस तरीके से इन इन्डस्ट्रियल मोनोपोलिस्ट्स के वास्ते पिछले दिनों में हुआ है, उसको देखते हुए केवल राष्ट्रीयकरण उस बीमारी को दूर नहीं करेगा । उसके लिये हमें सारी लाइसेंसिंग पालिसी को और इन्डस्ट्रियल क्षेत्र में सारी मोनोपोलीज को समाप्त करने और सारे उद्योगीकरण के नक्शे को बदल कर चलना होगा । इस प्रकार उद्योग के क्षेत्र में लगने वाला पैसा अंततोगत्वा जाकर, मोनोपोलिस्ट्स के हाथों में जाकर, इकट्ठा न हो जाय, इसकी व्यवस्था अन्य कारणों से करनी पड़ेगी और केवल सरकार यह सोचे कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण मात्र से वह देश में मोनोपोली को रोक पायेगी—अगर दूसरी नीतियों में परिवर्तन नहीं हुआ, देश के औद्योगिक नक्शे में बदल नहीं हुआ, अगर विकेन्द्रित औद्योगीकरण की तरफ सरकार न गई और बड़े लोगों

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

को ही नये लाइसेन्स देने के मामले में पाबंदिया नही लगाई गई—तो फिर उस सवाल को हम ठीक प्रकार से हल नही कर सकेंगे ।

इन सब बातों के आधार पर मैं चाहूंगा कि यह सदन कम से कम इस आर्डिनेन्स को निरस्त करे, इस आर्डिनेन्स को निरस्त करने का मेरा प्रस्ताव स्वीकार करे । बिल को मंत्री जी शायद प्रस्तुत करने वाले हैं, बिल के आधार पर हम विचार करें और आर्डिनेन्स की लटकती हुई तलवार में इस बिल पर विचार करने के लिये वह मजबूर न करें । मेरा यही कहना है कि इस बिल के प्रति न्याय किया जाय ।

उपसभापति जी, मैं आपसे यह भी चाहूंगा कि यद्यपि इस बारे में जो फैसला किया हो, लेकिन आप इस बिल पर होने वाले विचार विमर्श में समय-समय पर समय मर्यादा की कुठारी लगा कर सदस्यों को अपने विचारों को ठीक प्रकार से उपस्थित करने में बाधा न डालें और ऐसा कहते हुए मैं फिर चाहूंगा कि सदन मेरे इस प्रस्ताव को स्वीकार करे ।

श्री उपसभापति : भंडारी जी ने कहा सदस्यों के भाषण में कुछ बाधा नही डाली जानी चाहिये, लेकिन पहली बार ही इस पर काफी बहस हो गई है. . .

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : कोई सदस्य अगर नहीं बोलना चाहे तो मैं ज़बर्दस्ती किसी को नहीं चाहूंगा ।

श्री उपसभापति : . . .इसलिये मैं समझता हूं अन्य सदस्यों को रात 10 बजे तक तकलीफ दिये बगैर, अगर आप अपने विचार मर्यादित रखते है, तो हर एक को बोलने का मौका मिलेगा और साथ साथ समय से पहले भी हो जायेगा ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उपसभापति जी, अब मन्शा साफ हो गई है ।

THE MINISTER OF LAW AND SOCIAL WELFARE (SHRI P. GOVINDA MENON) : Mr. Deputy Chairman, I move :

> "That the Bill to provide for the acquisition and transfer of the undertakings of certain banking companies, having regard to their size, resources, coverage and organisation, in order to control the heights of the economy and to meet progressively, and serve better, the needs of development of the economy in conformity with national policy and objectives and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, in making this motion I also want to oppose the resolution just now moved by Mr. Bhandari. As a matter of fact, Sir, I have often felt that when after issuing an Ordinance the Government comes to Parliament with a Bill to replace the Ordinance, a resolution disapproving the Ordinance, seems to be not at all relevant.

SHRI SUNDAR SINGH BHANDARI : Not relevant? What is this? They are two different issues joined together just for expediency.

SHRI P. GOVINDA MENON : I say that it is not relevant because it is irrelevant.

SHRI SUNDAR SINGH BHANDARI : That logic need not be explained.

SHRI P. GOVINDA MENON : To oppose this Bill is to disapprove of the Ordinance, and if the Bill is not passed, the Ordinance falls down. It is true that in the Constitution there is a provision that Parliament may disapprove of an Ordinance, but when the Government after an Ordinance is issued and as soon as Parliament meets comes with a Bill to replace the Ordinance, I thought that the way to oppose the Ordinance was to oppose the Bill, because if the Bill is not passed, the Ordinance falls down. The only advantage is that the mover of the resolution gets the first chance to speak. I do not regret it, let him have that concession. I do not regret it.

Since this Bill was discussed at length, I mean a similar Bill, in August last year in this House, a lengthy speech by way of explaining the provisions of the Bill does not appear to be necessary. But certain essential things I would like to draw the attention of the House to. As soon as the Ordinance was

issued on the 19th July and as soon as the Bill became an Act on the 9th August, a series of writ petitions were filed in the Supreme Court and till the 10th of February this year the Supreme Court was considering those writ matters. What is it that the Supreme Court has decided? That I want to place before this House. The Supreme Court has summarised its findings towards the end of its judgment and I would like to read that here:

"Accordingly we hold that—

(a) the Act is within the legislative competence of the Parliament, but

(b) it makes hostile discrimination against the named banks in that it prohibits the named banks from carrying on banking business, whereas other banks—Indian and foreign —are permitted to carry on banking business, and even new banks may be formed which may engage in banking business;

(c) it in reality restricts the named banks from carrying on business other than banking as defined in section 5(b) of the Banking Regulation Act, 1949;

(d) the Act violates the guarantee of compensation under article 31(2) in that it provides for giving certain amounts determined according to principles which are not relevant in the determination of compensation of the undertaking of the named banks and by the method prescribed the amounts so declared cannot be regarded as compensation.'

Since the Supreme Court has held that the Act is within the legislative competence of Parliament and has only pointed out certain defects which in their opinion were fatal to the validity of the Act, Government has come with an Ordinance and now with a Bill to replace the Ordinance, which removes the defects pointed out by the Supreme Court. The main question which was being agitated in the Supreme Court was whether a banking undertaking, as an undertaking, can be acquired by Parliament, and that has been answered in favour of the Government, namely, that it is within the competence of Parliament.

Then sub-clauses (b) and (c) are really with respect to the existing banks not being allowed to carry on the banking business while there are other banks in the country which can carry on banking business. This prohibition was contained in section 15 of the Act which was passed in August 1969. We have now taken away that prohibition. We have simply provided for the taking over of the undertakings and left the matter there. If the existing banks think that they would like to continue to do banking business...

SHRI BANKA BEHARY DAS (Orissa): On a point of clarification because it is a peculiar position that the Supreme Court has taken. According to this new Bill, the Government of India does not prohibit the earlier bank to carry on banking business. Can they, now after being taken over carry on business in the same old name? Is it possible for them? Is it not a fantastic position that the Supreme Court has created by saying like his?

SHRI P. GOVINDA MENON: I am glad that my hon'ble friend has raised this question. But I do not propose to give a reply here to this question because replying to it it is not necessary for me to pilot this Bill. Just to give an illustration. If the undertaking of the Central Bank of India Limited is acquired by the Government, it will be a statutory corporation created by Parliament. The Central Bank of India Ltd., which continues as a company registered under the Companies Act and the Banking Companies (Regulation) Act...

SHRI A. P. JAIN (Uttar Pradesh): As it is now.

SHRI P. GOVINDA MENON: It is not the question whether they can continue to do banking or not that arises here. We have not said anything regarding that in this Bill. We have taken away prohibition. That is all.

SHRI BANKA BEHARY DAS: And taken away the name.

SHRI P. GOVINDA MENON: That was the Central Bank of India while the other one is the Central Bank of India Ltd. It is open to them to take a decision, after compensation is paid, as to what they would do, whether they would wind up and distribute the compensation among the shareholders, or

SHRI A. P. JAIN: That is what they should do.

SHRI P. GOVINDA MENON :..I do not know—they would like to carry on other business as provided in section 5 of the Banking Companies (Regulation) Act or whether they would approach the Reserve Bank again to give them a licence to do banking with the name, Central Bank of India.

SHRI A. P. JAIN : You have not taken away the licence?

SHRI P. GOVINDA MENON : Yes. But the licence was for a banking undertaking and that undertaking has been taken over.

AN HON'BLE MEMBER : This is a good circle.

SHRI BANKA BEHARY DAS : This is how we function and the Supreme Court also functions.

SHRI P. GOVINDA MENON : Since the Supreme Court said that the prohibition contained in the previous Act against these banks in continung to do business etc. is a hostile discrimination we have removed that discrimination and, therefore, that charge against this Bill will not be available there.

Then there is the question of compensaion. I want to remind the House that sometime in 1955, in then Prime Minister, Panditji, moved an amendment to the Constitution, known as the Fourth Amendment to the Constitution, which had many objects, but one of which alone is relevant here. And that is, the introduction of a clause under article 31(2) which provided that the compensation fixed by legislation by Parliament shall not be justiciable. This is a matter well known to all of you. I do not want to read out from the Constitution. Even before that it was thought that it is not for the court to go into this question, and that was the opinion given by the learned jurists during the Constituent Assembly itself when this particular clause was being discussed. Before the Fourth Amendment of the Constitution the Supreme Court had to observe in a case known as the Bela Banerjee case and compensation was then provided in a Bengal Government Act. But that was not compensation but a just equivalent of the property taken. So the Bill was struck down. Therefore, the anticipation of the founding fathers of the Constitution was that even without the amendment, aricle 31(2) would prohibit a discussion in the court regarding the adequacy or otherwise of the compensation. In spite of that it was laid down by the Supreme Court in its wisdom that compensation means a just equivalent of the property taken over. Now that created difficulties for the Government because whereas the Fundamental Rights chapter in the Constitution lays down the fundamental rights of individuals and one of two clauses about communities, there is another part of the Constitution called the Directive Principles, which lay down fundamental duties on the part of the administration. That is the meaning, according to me, of the Directive Principles. Although they are not justiciable, it has been stated that they are of fundamental importance. It is necessary that Members of Parliament bear this in mind because this is a direction to the Government and Parliament. I will read out article 37. It says :—

> "The provisions contained in this Part shall not be enforceable by any court, but the principles therein laid down are nevertheless fundamental in the governance of the country and it shall be the duty of the State to apply these principles in making laws."

And the word "State" has the same meaning as is given in article 12. That is to say, "the State" includes the Government and Parliament of India and the Government and the Legislature of each of the States and all local or other authorities within the territory of India or under he control of the Government of India. It is a very wide definition.

So from my reading article 37 you would see that the Directive Principles are really laying down fundamental duties of the Government. That is how I would like to put it. No doubt it is said that it is not enforceable by any court; I have been thinking about the meaning of those particular words there. It only means that although these fundamental duties are laid down, it will not be open to a citizen to go to a court and ask for a mandamus against the Government to do a certain thing. For example, there is an article on compulsory primary education of boys and girls up to the age of 14. Take one illustrative example. Supposing in a certain State there has been made no provision by the Government for that purpose. The words in article 37,

"shall not be enforceable by any court" means only this that it is not open to any person, citizen or body of persons to approach the Supreme Court or the High Court for a writ of mandamus against the Government to do a certain thing in a certain manner. But that does not in any way detract from the importance of the Directive Principles. For discharging the duties of Government in the Directive Principles, it may even become necessary to acquire property for many purposes. Now, this banking property is being acquired . . .

SHRI A. P. JAIN: Banking undertakings.

